ग्रामीण कृषि मौसम सेवा
भारत मौसम विज्ञान विभाग
गोविंद बल्लभ पंत कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
उधम सिंह नगर, पंतनगर, उत्तराखंड

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 08-02-2022

उधम सिंह नगर(उत्तराखंड) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2022-02-08 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2022-02-09	2022-02-10	2022-02-11	2022-02-12	2022-02-13
वर्षा (मिमी)	0.0	2.0	0.0	0.0	0.0
अधिकतम तापमान(से.)	19.0	17.0	19.0	20.0	21.0
न्यूनतम तापमान(से.)	9.0	8.0	7.0	8.0	9.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	95	95	95	90	90
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	60	65	50	50	50
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	6.0	6.0	6.0	8.0	8.0
पवन दिशा (डिग्री)	100	100	120	300	320
क्लाउड कवर (ओक्टा)	2	6	0	0	0

मौसम सारांश / चेतावनी:

विगत सात दिनों (1 – 7 फरवरी, 2022) में 30.7 मिमी वर्षा हुई व आसमान में मध्यम से घने बादल छाये रहे। अधिकतम तापमान 12.6 से 19.5 डि0से0 एवं न्यूनतम तापमान 5.4 से 10.9 डि0से0 के बीच रहा तथा वायु में सुबह 0712 बजे सापेक्षित आर्द्रता 86 से 97 प्रतिशत व दोपहर 1412 बजे सापेक्षित आर्द्रता 76 से 91 प्रतिशत एवं हवा 2.0 से 14.5 कि0मी0 प्रति घंटा की गति से मुख्यतः पूर्व-दक्षिण-पूर्व व पश्चिम-दक्षिण-पश्चिम दिशा से चली| आगामी पांच दिनों में 9 फरवरी को बूंदा-बांदी हो सकती है तथा शेष दिन मौसम शुष्क रहेगा। अधिकतम एवम् न्यूनतम तापमान क्रमश: 17.0 से 21.0 व 7.0 से 9.0 डिग्री सेल्सियस रहेगा| हवा के 5.0-8.0 किमी/घंटे की गति से पूर्व-उत्तर-पूर्व व पश्चिम-उत्तर-पश्चिम दिशा से चलने का अनुमान है। ईआरएफएस के अनुसार, 13 से 19 फरवरी के दौरान राज्य में वर्षा व न्यूनतम तापमान सामान्य से कम तथा अधिकतम तापमान सामान्य रहने का अनुमान हैं।

सामान्य सलाहकार:

किसान भाई पिछले सप्ताह के मौसम, मौसम पूर्वानुमान और मौसम आधारित कृषि सलाह प्राप्त करने के लिए "मेघदूत ऐप" तथा आकाशीय बिजली के पूर्वानुमान हेतु "दामिनी एप" डाउनलोड करें। मेघदूत व दामिनी ऐप को गूगल प्ले स्टोर (एंड्रॉइड उपयोगकर्ताओं) और ऐप सेंटर (आईओएस उपयोगकर्ताओं) से डाउनलोड किया जा सकता है|

लघु संदेश सलाहकार:

आगामी पांच दिनों में 9 फरवरी को बूंदा-बांदी हो सकती है तथा शेष दिन मौसम शुष्क रहेगा।

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
गेहूँ	खेत में जल निकासी की उचित व्यवस्था बनाये रखें। गेहूँ की फसल मे पीला रतुवा रोग का प्रकोप दिखाई पड़ने पर प्रोपीकोनाजोल 25 ई0 सी0 का 1 मिली/लीटर पानी की दर से घोल बनाकर छिड़काव करें। रसायनों का छिड़काव मौसम साफ रहने पर करें।
सरसों	सरसों में स्क्लेरोटिनिया सड़ांध दिखाई देने पर, संक्रमित पौधे को हटाकर जला दें और कार्बेन्डाजिम का 1 ग्राम/लीटर पानी की दर से छिड़काव मौसम साफ होने पर करें।
चना	चना में फलीबेधक के नियंत्रण हेतु, क्लोरेंट्रानिलिप्रोल 18.5 एस एल के 125 मिली या इमामेक्टिन बेंजोएट 5 एस जी का 220 ग्राम, 500-600 लीटर पानी में घोल कर प्रति हेक्टेयर की दर से छिड़काव मौसम साफ रहने पर करें। जल निकासी की उचित व्यवस्था बनाये रखें।

बागवानी विशिष्ट सलाह:

बागवानी	बागवानी विशिष्ट सलाह
टमाटर	अगर फसल के पौधों में, फूली हुई रोएदार वृद्धि जैसा, दिखाई दे तथा पौधे सूख रहे हो तो यह स्क्लेरोटिनियल सड़ान्घ है। अतः संक्रमित पौधे को हटाकर जला दें। पछेती झुलसा का प्रकोप होने पर, मैनकोजेब 64% + सायमोक्सैनिल 8% डब्ल्यूपी का 2.5 ग्राम प्रति लीटर की दर से छिड़काव मौसम साफ होने पर करें।
आलू	आलू में पछेती झुलसा का प्रकोप होने पर, मैनकोजेब 64% + सायमोक्सैनिल 8% डब्ल्यूपी का 2.5 ग्राम प्रति लीटर की दर से छिड़काव मौसम साफ होने पर करें। खेत में जल निकासी की उचित व्यवस्था बनाये रखें।
सब्जी पीईए	मटर की फसल मे रतुए का प्रकोप होने पर, ट्राईएडीमेफॉन 25% डब्ल्यूपी का 1 ग्राम/लीटर पानी की दर से छिड़काव मौसम साफ रहने पर करें।

पशुपालन विशिष्ट सलाह:

पशुपालन	पशुपालन विशिष्ट सलाह
भेंस	सरदी से बचाव के लिए पशुघर का प्रबंध ठीक से करें। पशुओं को ठंड से बचाव हेतु सूखी घास, पुवाल जो जानवरों के खाने के उपयोग में नहीं आती को बिछावन के रूप में प्रयोग करें। खिड़की दरवाजों पर त्रिपाल लगा दें ताकि ठंडी हवा प्रवेश न करें।
गाय	सरदी से बचाव के लिए पशुघर का प्रबंध ठीक से करें। पशुओं को ठंड से बचाव हेतु सूखी घास, पुवाल जो जानवरों के खाने के उपयोग में नहीं आती को बिछावन के रूप में प्रयोग करें। खिड़की दरवाजों पर त्रिपाल लगा दें ताकि ठंडी हवा प्रवेश न करें।

मुर्गी पालन विशिष्ट सलाह:

मुर्गी पालन	मुर्गी पालन विशिष्ट सलाह
मुर्गी	मुर्गियों के आवास के तापमान का अनुरक्षण करें। सरद ऋतु मे बिछावन की मोटाई बढा दे जिससे कुक्कुट को पर्याप्त गर्मी मिलती रहे।